# Macro International limited

REGISTERED OFFICE: 24/147, Ground Floor, Plaza Kalpana, Birhana Road, Kanpur -208001CORP.OFFICE:
304, 3rd Floor Babukhan Estate, Basheerbagh, Hyderabad Telangana 500001
Website: www.miel.co.in, email: meil100@rediffmail.com
Tel.: 6302730973: CIN: L74120UP1993PLC015605, SCRIP CODE: 512600,
SECURITY ID: MACINTR

**Date: 16/02/2023**

**To,**
**The Manager (Department of Corporate Affairs)**
**Bombay Stock Exchange Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Fort, Mumbai- 400001**

**Ref: SCRIP CODE: 512600 SECURITY ID: MACINTR**

**Sub: Submission of newspaper clipping pursuant to Regulation 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 of publication of financial results for the quarter ended 31st December 2022**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith Newspapers Clipping of extracts of Unaudited Financial Results for the quarter ended 31st December 2022 published in English and Hindi Newspapers for your perusal and kind consideration.

Kindly acknowledge the receipt of the same.

Thanking You

Yours Faithfully,

**For MACRO INTERNATIONAL LIMITED**

Sudheer

MACRO INTERNATIONAL LTD.

**SUDHEER KARNA KANKANALA**
**(Whole time Director)**
**DIN: 07591466**

## आपणो राजस्थान

# थानागाजी नगरपालिका की बैठक में जूतमपैजार, कुर्सी व बोतलें फेंकीं

**जयपुर, 15 फरवरी-(एजेंसियाँ)** थानागाजी नगरपालिका के बजट पर चर्चा के लिए बुलाई गई बैठक में, पार्षद एक-दूसरे को दौड़ते नजर आए। दोनों तरफ से कुर्सी और पानी की बोतलें एक-दूसरे पर फेंक-फेंक मारी गईं। बजट बोर्ड बैठक में पार्षदों के एक पक्ष ने पालिकाध्यक्ष चौथमल सैनी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्हें कार्यमुक्त करने का प्रस्ताव पेश कर पद से हटाने की मांग की। इस पर दूसरा पक्ष भड़क गया और हंगामा शुरू हो गया।

दोनों पक्षों में तकरार के बीच बैठक 2023 में 44 करोड़ 41 लाख 77 हजार रुपये का बजट पारित किया गया। बैठक में नवीन सफाई टेंडर करने, प्रतापगढ़ तिराहे पर दो मंजिला पार्किंग यार्ड बनाने आदि प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। पालिका अधिशासी अधिकारी व एसडीओ थानागाजी केशव कुमार मीना की मौजूदगी व पालिकाध्यक्ष चौथमल सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में वार्ड समस्याओं से निपटने, विकास कार्यों के लिए बजट पर चर्चा की। पार्षदों ने अपने वार्ड से संबंधित प्रस्ताव दिए। अधिकतर पार्षदों ने पालिकाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। विकास कार्यों में कमीशन की मांग, भेदभाव करने, गत बजट के अधिकतर कार्य अधूरे रहने, पालिका कार्यालय में नहीं बैठने, आमजन की समस्याएं नहीं सुनने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

वार्ड एक के पार्षद कपिल मीणा, वार्ड 15 के पार्षद राजेंद्र शर्मा के बीच संविदा कर्मियों के मानदेय में भ्रष्टाचार पर झड़प हो गई। पार्षदों ने संविदा पर लगे कर्मचारियों को ठेके व कम्पनी फर्म से पूरा भुगतान व अन्य सुविधाएं दिलवाने की मांग उठाई। पार्षद राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने संविदा कर्मचारियों के न्यूनतम वेतनमान पर सवाल उठा पालिकाध्यक्ष का पक्ष लिया तो दूसरे पक्ष के पार्षद भड़क गए। कुर्सी व पानी की बोतल फेंकी गईं। अन्य पार्षदों के साथ एसडीओ केशवकुमार ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया।

## पूछताछ के लिए जयपुर लाया जाएगा लॉरेंस विश्नोई

**जयपुर, 15 फरवरी-(एजेंसियाँ)** जयपुर कमिश्नरेट पुलिस लॉरेंस विश्नोई को प्रोडक्शन वारंट पर जयपुर लाएगी। जी क्लब पर फायरिंग मामले में उसे पंजाब से जयपुर लाया जाएगा। लॉरेंस से जयपुर में पूछताछ होगी। जी क्लब के मालिक ने लॉरेंस के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें पैसे मांगने और पैसे नहीं देने पर 17 राउंड फायरिंग का मामला दर्ज करवाया गया था। जी क्लब पर फायरिंग मामले में पूछताछ के लिए ही पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस लॉरेंस बिश्नोई को कोर्ट में पेश करेगी। जहां से उसे आगे की जांच के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।

जी क्लब पर फायरिंग मामले में लॉरेंस बिश्नोई पर जवाहर नगर थाने में मामला दर्ज हुआ था। लॉरेंस को इससे पहले भी आदर्श नगर में एक व्यापारी को धमकाने और रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस तिहाड़ जेल से रिमांड पर लेकर आई थी। उस दौरान लॉरेंस को पूछताछ के लिए गांधी नगर थाने में रखा गया था। लॉरेंस के जयपुर पहुंचने से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम यहां पर किए गए हैं। पुलिस की ओर से अतिरिक्त बल मांगा गया है। उसे कड़ी निगरानी में कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## खाटूश्याम लक्खी मेले से पहले 17 घंटे बंद रहेंगे दर्शन, बाबा का 21 को होगा तिलक और श्रृंगार

**सीकर, 15 फरवरी-(एजेंसियाँ)** बाबा खाटूश्याम का लक्खी मेला 22 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। मेले से पहले 21 फरवरी को बाबा का तिलक होगा। ऐसे में शाम 5 बजे तक भक्तों के लिए दर्शन बंद रहेंगे। मंदिर कमेटी ने आदेश जारी किया है।

मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष कालू सिंह ने बताया कि इस बार बाबा खाटूश्याम का तिलक 21 फरवरी को किया जाना है। ऐसे में मंदिर में दर्शन रात 12 बजे से ही बंद कर दिए जाएंगे। तिलक होने के बाद 21 फरवरी को शाम 5 बजे दर्शन शुरू होंगे।

विशेष आयोजन और धार्मिक पर्व पर बाबा खाटूश्याम का तिलक और श्रृंगार किया जाता है। ऐसे में मंदिर में दर्शन बंद रखे जाते हैं। 22 फरवरी से बाबा खाटूश्याम का लक्खी मेला भी शुरू होने जा रहा है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे।

# गोबर से बने 35 फीट के हनुमान जी

**जयपुर, 15 फरवरी-(एजेंसियाँ)** राजस्थान के जयपुर में गोबर और मिट्टी से बनी उत्तर मुखी हनुमान जी की मूर्ति स्थापित गई है। इसकी ऊंचाई 35 फीट है और स्थापना महालक्ष्मी नारायण धाम मंदिर परिसर में की गई है।

इसके अलावा 20 फीट लंबा और 20 फीट चौड़ा गर्भगृह भी बनाया गया है। पूरे मंदिर पर गोबर का लेप लगाया गया है। इसमें मुख्य मूर्ति का आकार 35 फीट ऊंचा, 18 फीट चौड़ा और चार फीट मोटा है। हनुमान जी की इस विशलकाय प्रतिमा को बनाने के लिए

**हजार साल तक खराब नहीं होगी मूर्ति**

गोबर की 23 हजार ईंटें लगी हैं। साथ ही गोबर से ही डेढ़ फीट ऊंची गणेश जी की प्रतिमा और एक फीट ऊंची लक्ष्मी जी प्रतिमा बनाई गई है।

मंदिर के पुजारी विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि गाय के गोबर और मिट्टी से मूर्ति बनाने में डेढ़ साल का समय लगा है। इसे सात कारीगरों ने मिलकर तैयार किया है। इसे बनाने में 17 लाख रुपये का खर्च आया है। हालांकि परियोजना पूरा करने में दो करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसमें अभी 121 फीट के गाय के गोबर की महालक्ष्मी जी की मूर्ति सहित कई अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित होंगी।

मंदिर प्रबंधन का दावा है कि गाय के गोबर की यह विशाल प्रतिमा एक हजार साल तक ज्यों की त्यों बनी रहेगी। इसके लिए मूर्ति बनाने में गोबर के अलावा मैदा, लकड़ी, लोहा, चूना और पत्थर आदि मिलाया गया है। साथ ही सिंदूर का घोल चढ़ाया गया है।

# फायदे के लिए गांधी लगाते हैं सोनिया-राहुल

**जयपुर, 15 फरवरी-(एजेंसियाँ)** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के सरनेम को लेकर छिड़ी बहस के बीच भाजपा के वरिष्ठ विधायक वासुदेव देवनानी का भी बड़ा बयान सामने आया है। वासुदेव देवनानी का कहना है कि गांधी नाम का फायदा लेने के लिए सोनिया और राहुल गांधी अपना सरनेम लगाते हैं। वासुदेव देवनानी ने कहा कि महात्मा गांधी को अंग्रेजी से नफरत थी और कांग्रेस महात्मा गांधी के नाम से अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोल रही है। महात्मा गांधी ने हमेशा हिंदी को बढ़ावा दिया है। आरटीडीसी के होटलों में शराब कल्चर को लेकर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के बयान पर पलटवार करते हुए वासुदेव देवनानी ने कहा कि जब मंत्री ही इस तरीके के बयान देंगे तो इस प्रदेश का भगवान ही मालिक है। शराब कल्चर और शराब पीने वालों को बढ़ावा देने के लिए मंत्री इस प्रकार के बयान दे रहे हैं।

उद्योगपति गौतम अडाणी को लेकर कांग्रेस की ओर से लगातार किए जा रहे हैं विरोध प्रदर्शनों पर टिप्पणी करते हुए भाजपा देवनानी ने कहा कि गौतम अडाणी के मामले में कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर हुआ है। एक ओर जहां राहुल गांधी समेत पूरी कांग्रेस पार्टी उनका विरोध कर रही है तो वहीं दूसरी ओर अशोक गहलोत अडाणी के लिए पलक पावडे बिछाए हुए हैं। एमओयू करके उन्हें हजारों बीघा जमीन दे दी है। इससे साफ है कि अशोक गहलोत राहुल गांधी के विरोधी हैं। अब ये गहलोत को तय करना है कि वो राहुल गांधी के साथ हैं या फिर उनके विरोध में हैं।

वासुदेव देवनानी ने कहा कि अगर गौतम अडाणी के मामले में किसी को दिक्कत है तो वो कोर्ट चला जाए। देवनानी ने कहा कि गौतम अडाणी के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को खराब करने का प्रयास किया जा रहा है जो कि सहन नहीं किया जाएगा।

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर देवनानी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष कौन होगा। इसका फैसला पार्टी हाईकमान और संसदीय बोर्ड करेगा। हम तो पार्टी के सिपाही हैं और जो जिम्मेदारी पार्टी देती है उसे अच्छे से निभाते हैं।

## दूल्हे ने लौटाए 1 लाख 11 हजार, मात्र एक रुपये में रचाई शादी

**सिरोही, 15 फरवरी-(एजेंसियाँ)** शादियों में हर साल फिजलूखर्ची और दहेज लेने-देने का सिलसिला बढ़ रहा है। ऐसे माहौल में समाज को आइना दिखाते हुए दूल्हे जयसिंह ने टीके में मिले 1 लाख 11 हजार रुपये वापस लौटाकर नई मिसाल पेश की है। एक रुपये और नारियल लेकर शादी कर अनूठी मिसाल पेश की।

गुजरात के दाता के अभापुरा निवासी जयसिंह की बारात लेकर उनके ताऊ महेंद्र सिंह तहसील के मगरीवाडा पहुंचे। वधू पक्ष की ओर से दिए गए टीके के 1 लाख 11 हजार वापस लौटाते हुए कहा कि हमें बेटी ही चाहिए, वही हमारे लिए अनमोल है। जय सिंह का विवाह जिनल कंवर के साथ तय हुआ था। बारात लेकर जयसिंह अपने होने वाले ससुराल मगरीवाडा पहुंचे, रीति रिवाज के अनुसार टीका दस्तूरी के 1 लाख 11 हजार जयसिंह के हाथ में पकड़ाए तो उन्होंने रुपये वापस लौटा दिए।

# सेंसेक्स 243 अंक चढ़ा

**मुंबई, 15 फरवरी-(भाषा)** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), पेट्रोलियम एवं चुनिंदा बैंक शेयरों में लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 243 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 242.83 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,275.09 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स शुरू में गिरावट के साथ 60,990.05 अंक पर खुला, लेकिन बाद में इसमें मजबूती रही। कारोबार के दौरान यह ऊँचे में 61,352.55 अंक तक गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 86 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,000 अंक के ऊपर 18,015.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 5.79 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक, कोटक बैंक, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन में भी तेजी रही। दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा 1.22 प्रतिशत नीचे आया। आईटीसी, सन फार्मा, एलएंडटी, एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक और इंडसइंड बैंक भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

## सोने में गिरावट चाँदी भी कमजोर

**नई दिल्ली, 15 फरवरी-(भाषा)** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट रहने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 475 रुपये की गिरावट के साथ 56,345 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।


पिछले कारोबारी सत्र में सोना 56,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चाँदी की कीमत भी 195 रुपये टूटकर 65,925 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली में सोने की हाजिर कीमत 475 रुपये की गिरावट के साथ 56,345 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हानि के साथ 1,834 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चाँदी भी नुकसान के साथ 21.58 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## हैदराबाद सर्राफ़ा बाज़ार

**15 फरवरी को सर्राफा बाज़ार में उपलब्ध भाव इस प्रकार हैं -**

| धातु | खुला | बन्द | परिवर्तन | |
|---|---|---|---|---|
| सोना स्टैण्डर्ड | | | | |
| (24 कैरेट्स) 10 ग्राम | | 57,160 | 0.13 | ↓ |
| आभूषण /10 ग्राम | 52,200 | 52,300 | 0.19 | ↓ |
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | | 72,000 | 0.69 | ↓ |

# केटीआर ने एआईएफ के पहले चैप्टर का किया उद्घाटन



हैदराबाद में आयोजित अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के पहले चैप्टर के लांचिंग समारोह को संबोधित करते मंत्री के.तारक रामाराव। अवसर पर उपस्थित साइएंट के संस्थापक अध्यक्ष बीवीआर मोहन रेड्डी, तेलंगाना आईटी विभाग के प्रधान सचिव जयेश रंजन, एआईएफ के कंट्री हेड मैथ्यू जोसेफ, अभिनेत्री लक्ष्मी मंचू, हैदराबाद के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के प्रतिनिधि एवं अन्य।

**हैदराबाद, 15 फरवरी-(मिलाप ब्यूरो)** नागरिक प्रशासन एवं शहरी विकास मंत्री के. तारक रामाराव ने कहा कि तेलंगाना सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आजीविका के मामले में लोगों की जरुरतों को पूरा करने की कोशिश कर रही है। सरकार सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल स्थापित कर स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढाँचे को आगे बढ़ा रही है।

मंत्री केटीआर आज हैदराबाद में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन (एआईएफ) के पहले चैप्टर के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आमजनों की तीन प्रमुख जरूरतों शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और आजीविका पर कहा कि सरकार को युवा आबादी के पोषण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। युवा आबादी भारत को विकास में लंबी छलांग लगाने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि भारत के पास सबसे अच्छी मानव पूँजी है, जिसके पोषण की आवश्यकता है। जहाँ हम सभी को बहुत अधिक तालमेल के साथ ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें संसाधनों की नहीं, बल्कि अपने समय का योगदान करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वाले लोगों की जरूरत है, जो अमेरिका के बाहर फाउंडेशन का पहला चैप्टर है। केटीआर ने कहा कि राज्य में एक लाख लोगों के लिए चिकित्सकों और बिस्तरों की सबसे बड़ी संख्या मौजूद है, जो देश के किसी भी राज्य के लिए सबसे अधिक है। जब तक वादे पूरे किए जाते हैं और परिणाम प्राप्त होते हैं, पूँजी जुटाना किसी भी संगठन के लिए कोई मुद्दा नहीं होगा। हम राज्य में शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए कई गैर सरकारी संगठनों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने क्लाउड सेवा कंपनी सेल्सफोर्स की 1-1-1 नीति की सराहनी की, जहाँ वह शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आजीविका में सुधार के लिए धन, समय और उत्पादों का एक प्रतिशत समर्पित करते हैं। उन्होंने कॉर्पोरेट्स और अन्य बड़ी संस्थाओं से इस नीति का अनुकरण करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों, संस्कृति, उद्यमशीलता और अब परोपकारी गतिविधियों के संदर्भ में अमेरिका और भारत के बीच गहरे संबंधों को साझा किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से तेलुगु अमेरिका में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यहाँ तक की हैदराबाद में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास दुनिया में कहीं भी सबसे ज्यादा छात्र वीजा जारी कर रहा है।

अवसर पर साइएंट के संस्थापक अध्यक्ष बीवीआर मोहन रेड्डी, तेलंगाना आईटी विभाग के प्रधान सचिव जयेश रंजन, एआईएफ के कंट्री हेड मैथ्यू जोसेफ, अभिनेत्री लक्ष्मी मंचू, हैदराबाद के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, कोषिकोड में हिन्दी कार्यशाला आयोजित



हिन्दी कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारीगण।

**हैदराबाद, 15 फरवरी-(मिलाप ब्यूरो)** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, कोषिकोड द्वारा हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सीएमए रोसलिन रोड्रिग्स (क्षेत्र प्रमुख) ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज राजभाषा तकनीक से जुड़ गई है, हमारे फोन में ऐसे बहुत से ऐप हैं, जिसके माध्यम से आसानी से अनुवाद किया जा सकता है। हिन्दी पत्र तैयार किया जा सकता है और जिन्हें हिन्दी नहीं आती है, वह भी इन ऐप के इस्तेमाल से राजभाषा कार्यान्वयन में अपना योगदान दे सकते हैं।

डॉ. ओ. वसावन (सहायक निदेशक, राजभाषा, सेवानिवृत्त) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राजेश के. (वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा) ने राजभाषा से संबंधित विभिन्न विषयों पर सत्र संचालित किया। 24 स्टाफ सदस्यों ने कार्यशाला में भाग लिया। सिनी सी.के. (प्रबंधक, एमएलपी) ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आरटीसी बस-लॉरी में भिड़ंत कंडक्टर की मौत, 5 गंभीर


सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त लॉरी व बस।

**जग्तियाल, 15 फरवरी-(मिलाप ब्यूरो)** जग्तियाल जिले के कोंडागट्टू के पास लॉरी व आरटीसी बस की टक्कर की घटना में बस कंडक्टर की मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आज सुबह कोंडागट्टू के पास तेज़ रफ्तार लॉरी ने विपरीत दिशा में आरटीसी बस को टक्कर मार दी। टक्कर होने के बाद बस पलट गई। बस कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 यात्रियों को गंभीर चोटें आयी हैं। पुलिस घायलों को जग्तियाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाकर आगे की जांच कर रही है।

# तीन दिवसीय बॉयोमी-23 का आयोजन 21 से

**हैदराबाद, 15 फरवरी (मिलाप ब्यूरो)** तेलंगाना सोशल एंड ट्राइबल वेल्फेयर रेजिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस सोसाइटीज द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन बॉयोमी-23 का आयोजन कान्हा शांतिवनम में आगामी 21 से 23 फरवरी तक किया जाएगा। तीन दिवसीय सम्मेलन में जीव विज्ञान और मेडिसिन जगत में उन्नति से जुड़े विभिन्न प्रकार के महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान, परिचर्चा, कार्यशालाओं आदि का आयोजन होगा।

जानकारी देते हुए बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन बॉयोमी में दुनिया भर के प्रख्यात वैज्ञानिक और शोधकर्ता प्रतिभागिता करेंगे। मुख्य भाषण टोलेडो विश्वविद्यालय के कैंसर और सिस्टम थेरेप्यूटिक्स प्रमुख डॉ. अमित तिवारी द्वारा दिया जाएगा। समापन वक्तव्य दि बी.एस.पी.एस. फार्माकोलॉजी-टॉक्सिकोलॉजी प्रोग्राम, टोलेडो विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. स्कॉट हॉल तथा सीसीएमबी हैदराबाद के निदेशक डॉ. विनय के नंदूरी द्वारा दिया जाएगा।

तेलंगाना लाइफ साइंसेज, एफएबीए अकादमी तथा हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण www.biome23.com पर जारी हैं।

# राज्य में हो रहा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार : हरीश

**हैदराबाद, 15 फरवरी-(मिलाप ब्यूरो)** स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने आज सिद्दिपेट में चौथे बस्ती दवाखाने का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राज्य में बस्ती दवाखानों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार दिया जा रहा है। यहाँ 133 डायग्नोस्टिक सेवाओं सहित 158 प्रकार की दवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हैदराबाद में लांच बस्ती दवाखानों की संकल्पना के बाद मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के शहरी इलाकों में इस स्वास्थ्य सेवा का विस्तार किया गया। राज्य में 350 बस्ती दवाखाने अपनी सेवाएँ उपलब्ध करा रहे हैं। यहाँ अब तक दो करोड़ से अधिक लोगों को सेवा प्रदान की जा चुकी है। डायग्नोस्टिक केंद्रों ने भी अब तक लगभग एक करोड़ से अधिक रोगियों को सेवा प्रदान की। हरीश राव ने कहा कि निजी अस्पतालों के बराबर सुविधाओं से युक्त सिद्दिपेट सरकारी अस्पताल में जल्द ही कैथ लैब, कीमोथेरेपी तथा रेडियोथेरेपी सेवा उपलब्ध करायी जाएगी।

# प्रियंका और आफरीन को पीएच.डी. की उपाधि


आफरीन और प्रियंका

**हैदराबाद, 15 फरवरी-(मिलाप ब्यूरो)** मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद ने हिन्दी विभाग की शोधार्थी प्रियंका कुमारी को हिन्दी में पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रियंका कुमारी ने अपना शोध कार्य हिन्दी विभाग के प्रो. करन सिंह ऊटवाल के निर्देशन में पूरा किया। उनका शोध विषय '21वीं सदी के हिन्दी नाटकों में अभिव्यक्त स्त्री जीवन का सामाजिक यथार्थ' था। विज्ञप्ति में बताया गया कि मानू के एक और शोधार्थी आफरीन बेगम को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गयी। आफरीन बेगम ने डॉ. मो. सादात शरीफ के निर्देशन में 'सरकारी क्षेत्र के निवेश व्यवहार-कर्मचारी-तेलंगाना के संदर्भ में' विषय पर शोध किया।

## हत्या के मामले में 10 साल की जेल

**हैदराबाद, 15 फरवरी (मिलाप ब्यूरो)** नामपल्ली स्थित एमएसजे कोर्ट के न्यायाधीश पापी रेड्डी ने हत्या के मामले में व्यक्ति को दोषी पाते हुए 10 साल की जेल, 5 हजार रुपयों के जुर्माने की सजा सुनायी।

अफजलगंज के पुलिस इंस्पेक्टर रवींदर रेड्डी ने बताया कि 1 जून, 2021 को अफजलगंज मुख्य सड़क स्थित साई बाबा मंदिर के पास पुरुषोत्तम रेड्डी (35) नामक व्यक्ति की हत्या हुई थी। बहादुर सौद उर्फ नेपाली ने रेड्डी के सिर पर लकड़ी से हमला करते हुए मौत के घाट उतार दिया था। आज इस मामले में न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए बहादुर सौद को 10 साल जेल, 5 हजार रुपयों के जुर्माने की सजा सुनायी।




# पुलिस भर्ती के उम्मीदवारों का शारीरिक परीक्षण प्रारंभ

**हैदराबाद, 15 फरवरी-(मिलाप ब्यूरो)** उच्च न्यायालय से निर्देश मिलने के बाद पुलिस भर्ती प्रक्रिया के भाग के रूप में टीएसएलपीआरबी चरण-2 द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण की शुरुआत की गई।

कोंडापुर स्थित 8वें बटालियन मैदान में आगामी 25 फरवरी तक कुल 11,485 अभ्यर्थियों का परीक्षण किया जाएगा। 11,485 अभ्यर्थियों में 8,300 पुरुष व 3,185 महिलाएँ शामिल हैं। आज कुल 600 उम्मीदवारों में से 383 उपस्थित हुए, जिसमें से 71 पास हुए। 16, 17 व 19 फरवरी को केवल महिला अभ्यर्थियों का ही फिजिकल टेस्ट होगा। अधिकारियों ने बताया कि सारी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से की जा रही है। सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। उम्मीदवारों से राज्य पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी प्रवेश-पत्र, सूचना-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र समेत अन्य दस्तावेज साथ लाने को कहा गया है।

# कार से आभूषण, नकदी चुराने वाला गिरफ्त में

**हैदराबाद, 15 फरवरी -(मिलाप ब्यूरो)** साइबराबाद की राजेंद्र नगर पुलिस ने कार से आभूषण व नकदी चुराने वाले इलेक्ट्रीशियन को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि एमएम पहाड़ी के पास रहने वाला इलेक्ट्रीशियन शेख अकबर मंगलवार को किसी काम के सिलसिले में अत्तापुर स्थित प्लिसेंट कॉलोनी आया हुआ था। इसी दौरान उसकी नजर श्रीकांत नामक व्यक्ति की कार में रखी ज्वेलरी, नकदी पर पड़ी। उसने मौका मिलते ही कार का शीशा तोड़कर आभूषण व नकदी चुरा ली। कुछ देर बाद श्रीकांत की नजर कार के टूटे शीशे पर पड़ी, देखने पर आभूषण व नकदी गायब थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से अकबर की पहचान की और आज सुबह उसे गिरफ्तार किया। उसके पास से करीब 15 तोला सोने के आभूषण, 20 हजार रुपये जब्त किए गए। आगे की कार्रवाई के तहत उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**MACRO International Limited**
Regd.Office : Plaza Kalpana, Ground Floor, 24/147, Birhana Road, Kanpur - U P 208 001
Tel. : 0141-2373164 . Fax : 0141-2379344 . E-mail : meil100@rediffmail.com
CIN : L74120UP1993PLC15605
UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & NINE MONTHS ENDED ON 31ST DECEMBER, 2022

| S.No. | Particulars | Quarter ended 31.12.2022 (Unaudited) (Rs in lakhs) | Quarter ended 30.09.2022 (Unaudited) (Rs in lakhs) | Quarter ended 31.12.2021 (Unaudited) (Rs in lakhs) | Nine Months ended 31.12.2022 (Unaudited) (Rs in lakhs) | Nine Months ended 31.12.2021 (Unaudited) (Rs in lakhs) | Year Ended 31.03.2022 (Audited) (Rs in lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Income from Operations | - | 5.27 | 5.09 | 14.06 | 15.35 | 21.08 |
| 2 | Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | (9.12) | 2.61 | (1.12) | (7.97) | (1.53) | (1.70) |
| 3 | Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (9.12) | 2.61 | (1.12) | (7.97) | (1.53) | (1.70) |
| 4 | Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | (9.12) | 1.84 | (1.27) | (7.97) | (1.57) | (1.71) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after Tax)] | (9.12) | 1.84 | (1.27) | (7.97) | (1.57) | (1.71) |
| 6 | Paid up equity share capital (Face Value of Rs.10/- each ) | 398.96 | 398.96 | 398.96 | 398.96 | 398.96 | 398.96 |
| 7 | Basic and diluted EPS ( Not Annulized ) (Rs.) | | | | | | |
| | 1. Basic: | (0.23) | 0.06 | (0.02) | (0.20) | (0.04) | (0.04) |
| | 2. Diluted: | (0.23) | 0.06 | (0.02) | (0.20) | (0.04) | (0.04) |

Notes :
(I) The above results have been reviewed and recommended for the adoption by the Audit Committee to the Board of Directors and have been approved by the Board of Directors at its meeting held on 14th February, 2023.
(ii) The above is an extract of the detailed format of Quarterly audited Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and disclosure Requirements) Regulations,2015.The full format of the Quarterly Unaudited Financial Results are available on the website of Stock Exchange (www.bseindia.com) and on the Company`s website (www.miel.co.in)

By Order of the Board of Directors
For Macro International Ltd.

Date :14.02.2023
Place : Hyderabad

SUDHEER KARNA KANKANALA
(Wholetime Director)